जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-9 जयपुर, सोमवार, 2 मार्च, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**रूड़की (हमारा वतन)**




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे निबन्ध, प्रतियोगिता, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिता आदि का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक डॉ. अशोक पाल सिंह ने छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुए विज्ञान के सन्दर्भ में कहा कि यह विज्ञान का युग है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को सम्पूर्ण भारत वर्ष में मनाया जाता है। इस दिन सर सी वी रमन द्वारा 1928 मे रमन प्रभाव की खोज वैज्ञानिक दृष्टि का महत्व और समाज में तकनीकी का विकास रेखांकित किया जाता है। विज्ञान ने हमारी दिनचार्या को सुगम बना दिया है। विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान - का महत्व कम नही है। कृषि पर्यावरण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, संचार, मनोरंजन के क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच और परम्पराओं का संतुलन ही भविष्य का मुख्य मार्ग है। राष्ट्रविज्ञान दिवस सिर्फ एक दिन का उत्सव नही है बल्कि यह विज्ञान शक्ति को समझने और उससे जीवन प्रयोग का अवसर प्रदान करता है । भारत को सतत विकास और वैज्ञानिक सोच की दिशा को बढावा देता है। प्रति वर्ष यह 28 फरवरी को मनाया जाता है।

यह दिन प्रसिद्ध भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सीवी रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज की याद में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसका उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक सोच और विज्ञान के महत्व को बढाया। पहली बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 1987 में मनाया गया। भारत सरकार द्वारा 1986 में 28 फरवरी को इस दिवस के रूप में नामित किया था। विज्ञान प्रकृति और भौतिक जगत में घटित होने वाली घटनाओं का सुव्यवस्थित, क्रमबद्ध और प्रयोगात्मक ज्ञान है।

प्राकृतिक घटनाओ भौतिक जगत के सुव्यवस्थिति क्रमबद्ध और प्रयोगात्मक अध्ययन से प्राप्त विशिष्ट ज्ञान को विज्ञान कहते है। यह दुनिया को समझने का एक तरीका है,जिससे वैज्ञानिक विधि का उपयोग होता है।

आइंस्टीन के अनुसार हमारी जान अनुभूतियों की अस्त- व्यस्त विभिन्नता को एक तर्कपूर्ण विचार प्रणाली निर्मित करने के प्रयास को विज्ञान कहते हैं ।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की थीम विज्ञान में महिलाएं- विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति' है। विशेष रूप से विज्ञान प्रौद्योगिक, इंजीनियररिंग और गणित के क्षेत्र में महिलाओ की भागीदारी बढाकर विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने पर केन्द्रित है। इस अवसर पर प्रतिभा शर्मा, जितिन शर्मा, पिंकी, सोमवति, रहिशा, राखी, सोनम, शबनम, इलमा, शबनम, फेरीन, पायल, नैना, नन्दनि, रूचिका, अजना, प्रिति, आफीफा, जिया, कहकशा, अकशा, गोपी, असद, कृष्णा, रोहन, सादिक अलतमस, अर्यन, रोहन आदि ने प्रतिभाग किया।



## गौरक्षक दल ने किया प्लास्टिक डिस्पोजल यूज नहीं करने वाले भंडारा संचालकों का सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)**

बाबा श्याम का लक्खी मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर सुख-शांति की कामना की। वहीं पद यात्रियों की सेवा के लिए हर कोई आगे दिखाई दिया। कई समाजसेवी संस्थाओं और व्यक्तियों ने पदयात्रियों की सेवा के लिए भंडारों का आयोजन किया। भंडारों में खान-पान, चिकित्सा, विश्राम सहित सोने की व्यवस्थाएं भी माकूल रही। पुलिस प्रशासन की भी चाक चौबंद व्यवस्था रही।

हर बार की तरह इस बार भी गौरक्षक दल अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में द्वारा एनएच 52 पर बिना प्लास्टिक डिस्पोजल के भंडारा लगाने वाले श्री श्याम भंडारा प्रसादी सेवा समिति जयपुर, श्री श्याम सलोना परिवार कालाडेरा, श्री श्याम सेवा परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर, श्री प्रदोष पदयात्री सेवा समिति जयपुर, श्री श्याम सखा परिवार बेनाड रोड जयपुर के संचालकों का सम्मान किया गया।

गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने भंडारा आयोजकों को सम्मान स्वरूप तलवार भेंट की, उन्होंने कहा कि आप लोगों ने सच्ची मानवता दिखाई है क्योंकि प्लास्टिक डिस्पोजल को खाकर गौ माता अकाल मौत का शिकार होती है। भंडारे तो सेवा के लिए किए जाते हैं, ना कि प्रकृति और बेजुबान जीवों को तकलीफ देने के लिए। अन्य सभी भंडारा संचालकों को भी इससे प्रेरणा लेकर भविष्य में प्लास्टिक डिस्पोजल को ना कहना चाहिए, जिससे बाबा श्याम प्रसन्न होंगे और पर्यावरण तथा गौ माता सुरक्षित रह सकेगी। शेरसिंह ने सुचारू व्यवस्थाओं के लिए शासन -प्रशासन का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मान समारोह के दौरान सुरेश योगी, विजय कुमावत, लोकेश डेनवाल, किस्मतसिंह शेखावत, तुलसीराम डेनवाल, भगवान सहाय यादव, घनश्याम यादव, कपिल कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।



## नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं दर्द निवारक औषधीय तेल वितरण शिविर संपन्न

**खाटूश्यामजी (हमारा वतन)।** भारतीय योग आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान चौमूं द्वारा खाटू श्याम जी मेला पद यात्रियों के लिए निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं दर्द निवारक तेल वितरण शिविर लगाया गया।

संस्थान की अध्यक्ष डॉ. अल्पना शर्मा ने बताया कि निःशुल्क शिविर डॉ. राकेश शर्मा के सानिध्य में लगाया गया। इसमें पदयात्रियों को दर्द निवारक तेल का निःशुल्क वितरण किया गया। प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से भी चिकित्सा की गई इसमें गरम पानी से पैरों को धोना, पैरों की मालिश, भाप लपेट एवं एक्यूप्रेशर के द्वारा चिकित्सा की गई। शिविर में 67000 दर्द निवारक तेल की शीशियों का वितरण किया गया। शिविर 22 फरवरी से 26 फरवरी तक चौमूं से खाटू जी के बीच में विभिन्न स्थानों पर लगाया गया।

## यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया बाबा श्याम के भजन एल्बम का पोस्टर विमोचन

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने आईथान म्यूजिक फैक्ट्री द्वारा रिलीज बाबा श्याम पर बने भजनों के एल्बम का पोस्टर विमोचन किया ।

अभी हाल ही में सुनिल आईथान द्वारा निर्मित बाबा श्याम पर बने चार भजन 'ये कैसी परीक्षा है', 'खाटू नगरी से प्रीत', 'सांवले सरकार', 'मेरी रंग दे चुनर' रिलीज किया गया है जिन्हें यूट्यूब चैनल 'आईथान म्यूजिक फैक्ट्री' पर देखा जा सकता है ।

इससे पूर्व भी ढोढसर निवासी सिंगर व आर्टिस्ट सुनिल आईथान(कुमावत) ने कई गानों व भजनों के एल्बम प्रसारित कर चुके हैं जिनमे विशेष बात यह रही की ग्रामीण




परिवेश से निकलकर स्वयं के ही लेखन, गायन, संगीतकार और अभिनेता के रूप में भजनों में प्रस्तुति दी है ।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, गोविंदगढ मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह शेखावत, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचन्द यादव, थानाधिकारी विनोद सांखला, गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत, तुलसीराम डेनवाल सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत का एबीसी मॉनिटरिंग टीम में हुआ चयन, सर्वसमाज ने किया सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)**

गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत का नगर निगम जयपुर के एबीसी मॉनिटरिंग टीम में जिला पशुक्रूरता निवारण समिति के प्रतिनिधि के रूप में चयन होने पर ग्रामीणों ने गोविंदगढ़ दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में साफा व माला पहनाकर स्वागत किया ।

पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल ने बताया कि लगातार 16 वर्षों से गायों की सेवा और संरक्षण के प्रतिफल के रूप में व युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने के साथ-साथ गांव का भी नाम रोशन किया है ।

इस दौरान गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने कहा कि सेवा का जज्बा बड़े बुजुर्गो के आशीर्वाद और परिवार से मिले संस्कारों की देन है जो निरंतर जारी रहेगी।

इस अवसर पर सर्वब्राह्मण महासभा गोविन्दगढ़ अध्यक्ष महेश बोहरा, दक्षिण



मुखीबालाजी मंदिर पुजारी विजय शर्मा, सुरेश-जयप्रकाश सरगोठिया, सुरेश अग्रवाल, रामावतार राजोरिया, कैलाश बागवान, बसंत धीजपुरिया, मथुरा प्रसाद बोहरा, भगवान सहाय यादव, लोकेश डेनवाल, विजय कुमावत, फूलचंद भूरोदिया, कपिल कुमावत, रतन बुनकर, शिम्भूदयाल बालोदिया, राजेश सेन, तुलसीराम डेनवाल सहित कई ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर हर्ष जताया ।

# यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर ने मनाया 11वाँ दीक्षांत समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)**

यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर ने विश्वविद्यालय परिसर में अपना 11वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया। यह ऐतिहासिक अवसर वर्ष 2025 के स्नातक बैच के लिए उनकी शैक्षणिक यात्रा की सफल पूर्णता का प्रतीक बना। इस समारोह में पीएच.डी., इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फिजियोथेरेपी तथा कंप्यूटर एप्लीकेशंस सहित विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गई।




समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति प्रो. बनानी चक्रवर्ती ने की। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष, नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम (NETF) एवं कार्यकारी समिति के अध्यक्ष, नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (NAAC) रहे। उन्होंने दीक्षांत भाषण प्रदान करते हुए नवस्नातकों को नवाचार, सत्यनिष्ठा और आजीवन शिक्षण के महत्व पर प्रेरणादायक विचारों से प्रोत्साहित किया।

प्रो. बनानी चक्रवर्ती ने स्नातकों को बधाई देते हुए नैतिक नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और दृढ़ता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में सत्यनिष्ठा, उत्कृष्टता और संवेदनशीलता के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

पीएच.डी. की उपाधियाँ और स्वर्ण पदक प्रदान करते हुए प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे ने विद्यार्थियों को आजीवन शिक्षार्थी बने रहने और तीव्र गति से बदलते तकनीकी परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालने की प्रेरणा दी।

वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध प्रकाशनों, प्लेसमेंट, उद्योग सहयोग, पेटेंट तथा वैश्विक पहुंच में उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। प्रो. (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती, प्रो-कुलपति, यूईएम जयपुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहते हुए मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया।

कुलसचिव प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में दीक्षांत समारोह को परिश्रम, समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता का गौरवपूर्ण उत्सव बताया। विभिन्न विषयों-इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फिजियोथेरेपी, कंप्यूटर एप्लीकेशंस और शोध-में कुल 393 उपाधियाँ प्रदान की गई। विश्वविद्यालय ने 6 पीएच.डी. उपाधियाँ प्रदान कर उत्कृष्ट शोध योगदानों को सम्मानित किया। साथ ही 17 स्वर्ण पदक मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रदान किए गए।

महेंद्र लाल कुमावत- प्रख्यात पूर्व आईपीएस अधिकारी और सीमा सुरक्षा बल के पूर्व महानिदेशक।

महेंद्र खेतान- विख्यात उद्योगपति एवं वायर्स एंड फैब्रिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, जिनके पास चार दशकों से अधिक का कॉर्पोरेट नेतृत्व अनुभव है। समरेन्दु सरकार- सम्मानित कॉर्पोरेट नेता एवं अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में पूर्व अध्यक्ष (ग्रुप कॉर्पोरेट अफेयर्स)। डॉ. सौगाता मित्रा- प्रतिष्ठित प्रबंधन विशेषज्ञ एवं एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के प्रबंध निदेशक।

डॉक्टर ऑफ इंजीनियरिंग (डी.इंज.) मानद उपाधि प्रो. दुर्ग सिंह चौहान- प्रख्यात शिक्षाविद एवं पूर्व कुलपति को प्रदान की गई। इन महान हस्तियों को सम्मानित कर यूईएम जयपुर ने उत्कृष्टता, दूरदर्शी नेतृत्व और समाज व राष्ट्र के प्रति परिवर्तनकारी योगदानों को मान्यता देने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया।



# केसरी होम्योपैथिक हॉस्पिटल का हुआ भव्य शुभारंभ

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के लोगों को एलोपैथी और आयुर्वेदिक पद्धति के बाद अब होम्योपैथी पद्दति भी भाने लगी है। लोग होम्योपैथिक पद्धति से अपना इलाज करवाने को आगे आ रहे हैं। इसी को लेकर चौमूं शहर में आज केसरी होम्योपैथिक हॉस्पिटल का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने फीता काटकर भव्य शुभारम्भ किया।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर दिनेश श्योराण ने बताया कि आज 22 फरवरी को प्रातः 11:15 बजे केसरी होम्योपैथिक हॉस्पिटल का शुभारंभ भारत पेट्रोल पंप के सामने, राधा स्वामी बाग, जयपुर रोड चौमूं में किया गया। हमारे हॉस्पिटल में होम्योपैथी पद्धति से सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाएगा।

हॉस्पिटल निदेशक ने शुभारंभ में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का माला, साफा और रामलला की फोटो भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

शुभारंभ के अवसर पर जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पूनिया, मोडी दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति के सचिव रामगोपाल श्योराण, होटल मून वेली उदयपुरिया के निदेशक सुरेश श्योराण, रालोपा विधायक प्रत्याशी छुट्टन यादव, डॉ. हनुमान बराला, डिप्टी प्रदीप शर्मा, डॉ. राकेश यादव, डॉ. सोहन दुसाद, डॉ राहुल, डॉ. अवस्थी, डॉक्टर महेंद्र, डॉक्टर प्रदीप, डॉक्टर नरेंद्र, डॉक्टर आर सी यादव, डॉक्टर ब्रजेश शर्मा, डॉ वीरेंद्र शर्मा और डॉक्टर सपना शर्मा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों ने शिरकत कर बधाई दी।

# फार्म- 4
## ( नियम 8 देखिए )

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : साप्ताहिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हॉं |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार(एकमात्र स्वामी) हों। | : राम गोपाल सैनी वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |

मैं राम गोपाल सैनी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

**(राम गोपाल सैनी)**
**प्रकाशक के हस्ताक्षर**

**दिनांक : 2 मार्च, 2026**

# भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य बने राष्ट्रीय परशुराम सेवा ब्रह्मवाहिनी के प्रदेश प्रचारक

**जयपुर (हमारा वतन)।** सामाजिक संगठन राष्ट्रीय परशुराम सेवा (ब्रह्मवाहिनी) ने संगठन का विस्तार करते हुए चौमूं निवासी अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता और तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष पंडित रविंद्र आचार्य को राजस्थान का प्रदेश प्रचारक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के. अवस्थी द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई है।



नियुक्ति की घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आर.के. अवस्थी ने कहा किपंडित रविंद्र आचार्य के अनुभव और उनके आध्यात्मिक सानिध्य से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आचार्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय परशुराम सेवा (ब्रह्मवाहिनी) राजस्थान में समाज को एकता की डोर में बांधकर विकास के ऊंचे पायदान पर ले जाने का कार्य करेगी।

पंडित रविंद्र आचार्य के मनोनयन की खबर मिलते ही क्षेत्र के ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है । नियुक्ति की सूचना के बाद से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। समाज के विभिन्न प्रबुद्ध जनों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं ।

# आनंद एक एहसास संगीत संध्या की तैयारियां जोरों पर

**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर की सामाजिक और सांस्कृतिक समिति जयपुर कल्चर सोसायटी द्वारा लगातार प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में 15 मार्च 2026 को 'आनंद एक एहसास-सीजन 8' संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा।



जयपुर कल्चरल सोसायटी की अध्यक्ष और कार्यक्रम आयोजक कंचन आनंद ने बताया कि समिति के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर आनंद के गंगवार की स्मृति में यह संगीत संध्या आयोजित की जा रही है। यह संगीत संध्या पवन डांगी और उनकी टीम द्वारा लाइव बैंड पर आयोजित होगी।

कार्यक्रम जयपुर स्थित विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। संगीत प्रेमियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। सभी सिंगर्स जबरदस्त रिहर्सल कर रहे हैं।

# सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था की बैठक आयोजित

**जयपुर (हमारा वतन)।** सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था ब्लॉक चौमूं की मीटिंग सैनी समाज सभा भवन चौमूं में अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संस्था के नए सदस्य बनाने एवं संस्था को मजबूती प्रदान करने पर एवं भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई ।



इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मदनलाल सैनी, अशोक कुमार प्रदेश संयुक्त सचिव, करण सिंह सैनी प्रदेश महासचिव, मेघराज सैनी आईटी सेल, संरक्षक मदनलाल मालेरिया, सुवालाल सिंगोदिया, सुरेश कुमार ब्लॉक महामंत्री, जगदीश प्रसाद कोषाध्यक्ष, बाबूलाल तंवर संगठन मंत्री, महेंद्र कुमार, सीताराम, कैलाश चंद्र, सुरेश सैनी, गोपाल बांसा, प्रवीण कुमार सैनी, हीरालाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।




## जॉब्स

1. रेलवे आरआरसी WR, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 5349, अंतिम तिथि 23 मार्च 2026
2. एम्स नॉर्सेट, पद नर्सिंग ऑफिसर, पद संख्या 3000, अंतिम तिथि 16 मार्च 2026
3. इंडियन आर्मी, पद अग्नि वीर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026
4. डीएसएसएसबी, पद विभिन्न, पद संख्या 911, अंतिम तिथि 25 मार्च 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद ग्रुप डी लेवल 1, पद संख्या 22000+, अंतिम तिथि 2 मार्च 2026
6. बीएसएनएल, पद सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 7 मार्च 2026
7. यूपीएससी, पद असिस्टेंट कमांडेंट, पद संख्या 349, अंतिम तिथि 12 मार्च 2026
8. यंत्र इंडिया लिमिटेड, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3979, अंतिम तिथि 3 मार्च 2026

# ओवरईटिंग ही नहीं ये स्वास्थ्य स्थितियां भी बढ़ा सकती हैं ओबेसिटी

कई ऐसी स्वास्थ्य स्थितियां भी हैं, जिनमें शरीर का वजन असामान्य रूप से बढ़ना शुरू हो जाता है और व्यक्ति ओबेसिटी का शिकार हो सकता है। ओबेसिटी एक बहुत कॉमन प्रॉब्लम बन चुकी है, जो लगभग सभी उम्र के लोगों को अपना शिकार बना रही है। आमतौर पर इसकी वजह खान पान की गलत आदत, शारीरिक स्थिरता सहित लाइफस्टाइल की आम गलतियां होती हैं। ऐसे में ओबेसिटी की स्थिति में तमाम तरह की शारीरिक समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है और इस बारे में सभी हमेशा बात करते हैं। पर क्या आपको मालूम है कि कई ऐसी स्वास्थ्य स्थितियां भी हैं, जिनमें शरीर का वजन असामान्य रूप से बढ़ना शुरू हो जाता है और व्यक्ति ओबेसिटी का शिकार हो सकता है। तो आइए जानते हैं इन स्वास्थ्य समस्याओं को बारे में, आखिर ये किस तरह मोटापे का कारण बनते हैं ।



1. **हाइपोथायरायडिज्म**-यदि आपकी गर्दन में स्थित तितली के आकार का छोटा ग्लैंड थायरॉयड पर्याप्त हार्मोन बनाना बंद कर दे, तो आपका वजन बढ़ना शुरू हो सकता है। यह आपके बालों को पतला कर सकता है, आपकी त्वचा को ड्राई बना देता है और आपको ठंड, थकान, कब्ज यहां तक कि डिप्रेस्ड भी महसूस करवा सकता है। एक साधारण ब्लड टेस्ट यह पुष्टि कर सकता है कि आपके हार्मोन का स्तर कम है या नहीं। आर्टिफिशियल हार्मोन आपको बेहतर महसूस करने में मदद कर सकते हैं।

2. **डिप्रेशन**- वजन बढ़ना, यहां तक कि ओबेसिटी भी डिप्रेशन के शारीरिक साइड इफेक्ट्स में से एक हैं। इस समस्या से पीड़ित लोगों में अक्सर तनाव हार्मोन कोर्टिसोल का स्तर अधिक होता है। इसके कारण आपके पेट के आसपास चर्बी जमा हो सकती है। इस स्थिति में आपका वज़न बढ़ सकता है, क्योंकि आप सही खान-पान या व्यायाम करने में असमर्थ महसूस करते हैं। इस स्थिति का इलाज करने के लिए उपयोग की जाने वाली कुछ दवाएं भी ऐसा कर सकती हैं, यानी की एंटीडिप्रेसेंट पिल्स से भी वेट गेन हो सकता है। इसलिए मेंटल हेल्थ को स्थापित करने पर ध्यान दें।

3.**पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम** -ऐसा कोई परीक्षण नहीं है जो किसी महिला को बता सके कि उन्हें यह बीमारी है। इस स्थिति में पीरियड मिस होना शुरू हो जाता है, आपके चेहरे या शरीर पर अधिक बाल ग्रो कर सकते हैं, या एक्ने हो सकते हैं। इसके अलावा, ओवेरियन सिस्ट भी विकसित हो सकते हैं। इसका एक सबसे बड़ा कारण है शरीर में एण्ड्रोजन हार्मोन का बढ़ता स्तर। इस स्थिति में महिलाओं में वेट गेन हो सकता है। क्योंकि ऐसे में बॉडी इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाती है, ये हार्मोन आपके शरीर को ब्लड शुगर को ऊर्जा में बदलने में मदद करता है। ऐसे में डॉक्टर की सलाह लें, जो हार्मोस को नियंत्रित करे, इस समस्या पर नियंत्रण पाने में आपकी मदद करेंगे।




4. **डायबिटीज** -डाइट, एक्सरसाइज, इंसुलिन और दवा के मिश्रण से आप डायबिटीज का इलाज कर सकती हैं। इंसुलिन आपकी बॉडी को ऊर्जा का उपयोग करने में मदद करता है। वहीं आपके शरीर के लिए ऊर्जा संग्रहित करना भी आसान बना देता है, जिससे अक्सर वजन बढ़ सकता है। साथ ही, कुछ उपचार प्रक्रिया में ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए आपको अधिक खाने की इच्छा हो सकती है।अपने वजन और डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर की सलाह लें, और अपनी डाइट, एक्सरसाइज और इंसुलिन का पूरा ध्यान रखें।

5. **इनसोम्निया**-जो लोग 6 घंटे से कम नींद लेते हैं उनमें अधिक मात्रा में बॉडी फैट पाया जाता है।

# बॉलीवुड चटकारा




## सरगुन मेहता ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर लगाया विराम, अफवाह उड़ाने वालों की लगाई क्लास



सोशल मीडिया पर अक्सर सेलेब्रिटीज की निजी जिंदगी को लेकर बिना आधार की अफवाहें फैल जाती हैं, जो कि उनकी निजी जिंदगी को परेशान करने लगी हैं। ऐसा ही कुछ कई समय से टीवी-पंजाबी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सरगुन मेहता और उनके पति रवि दुबे के साथ हो रहा था। दरअसल, पिछले काफी समय से सोशल मीडिया पर लगातार यह खबरें फैल रही थीं कि सरगुन मेहता प्रेग्नेंट हैं। इन अफवाहों की वजह से फैंस में काफी उत्साह था, लेकिन कपल की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। अभिनेत्री सरगुन ने शनिवार को आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस मामले पर विराम लगा दिया है। उन्होंने एक नोट शेयर किया, जिसमें अभिनेत्री ने खंडन करते हुए लिखा, अफवाह फैलाने वालों को तो पिछले 2 साल से मेरी प्रेग्नेंसी के बारे में मुझसे पहले ही सब पता चल जाता है। उनके अनुसार मैं पिछले 2 साल से प्रेग्नेंट हूं। भला, इतनी लंबी प्रेग्नेंसी किसी की होती भी है क्या? अभिनत्री ने आगे लिखा, प्लीज शांत रहें और बिना किसी आधार की खबरें फैलाना बंद करें। कोई भी खबर फैलाने से पहले हमसे या हमारी टीम से एक बार पूछ लेना ज्यादा मुश्किल नहीं है, ताकि सही जानकारी सामने आ सके।अभिनेत्री सरगुन मेहता ने नोट शेयर कर लिखा, आपको ऐसी प्रेग्नेंसी के बारे में कैसे पता चल गया, जिसके बारे में मुझे और रवि को ही कोई जानकारी नहीं है? प्लीज ऐसी अफवाहें फैलाना बंद करें। अभिनेत्री के पोस्ट शेयर करने के बाद कई यूजर्स और दोस्तों ने प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री गौहर खान ने कमेंट बॉक्स में हाथ जोड़ते हुए प्रतिक्रिया दी, तो सरगुन के पति रवि दुबे ने लिखा, क्या कैप्शन है।

सेलेब्स को अपनी निजी जिंदगी को लेकर बार-बार ऐसे झूठे दावों का सामना करना पड़ता है। इससे पहले कई सेलेब्स इस तरह की झूठी अफवाहों का सामना कर चुके हैं। अभिनेत्री रीम शेख की भी शादी की खबरें उड़ी थीं। दरअसल, लाफ्टर ज्वाइन करने से पहले उनका नाम कंटेंट क्रिएटर कृष गुप्ता के साथ जुड़ा था। साथ ही, यह दावा भी किया गया था कि वे जल्द ही उनसे शादी करने वाली हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया के जरिए इस पर प्रतिक्रिया दी थी।





## सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था की बैठक आयोजित

**जयपुर (हमारा वतन)**। सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था ब्लॉक चौमूं की मीटिंग सैनी समाज सभा भवन चौमूं में अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संस्था के नए सदस्य बनाने एवं संस्था को मजबूती प्रदान करने पर एवं भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई ।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मदनलाल सैनी, अशोक कुमार प्रदेश संयुक्त सचिव, करण सिंह सैनी प्रदेश महासचिव, मेघराज सैनी आईटी सेल, संरक्षक मदनलाल मालेरिया, सुवालाल सिंगोदिया, सुरेश कुमार ब्लॉक महामंत्री, जगदीश प्रसाद कोषाध्यक्ष, बाबूलाल तंवर संगठन मंत्री, महेंद्र कुमार, सीताराम, कैलाश चंद्र, सुरेश सैनी, गोपाल बांसा, प्रवीण कुमार सैनी, हीरालाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## भाग्यश्री की रियल लाइफ 'मैने प्यार किया': क्लास के सबसे बिगड़े शहजादे पर दिल हार बैठी थीं 'राजकुमारी'

कहते हैं कि किसी भी काम को करने के लिए मेहनत के साथ भाग्य भी जरूरी होता है, लेकिन जिसके नाम में भी भाग्य हो, उसके लिए चीजें खुद-ब-खुद आसान हो जाती हैं। हम बात कर रहे हैं अभिनेत्री भाग्यश्री की, जिन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगी और अलग पहचान बना पाएंगी। भाग्यश्री ने 23 फरवरी को अपना 57वां जन्मदिन मनाया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अभिनेत्री को अपनी जिंदगी का असल प्यार कैसे मिला? फिल्मों में अपने भोले किरदार से सबका दिल जीतने वाली भाग्यश्री असल जिंदगी में भी बहुत सीधी थीं। उनका ताल्लुक महाराष्ट्र के सांगली राजशाही परिवार से है। उनके पिता का नाम विजय सिंह राव माधवराव पटवर्धन है, जिन्हें खुद म्यूजिक से प्यार है और उन्होंने कई फिल्मों में संगीत भी दिया। भाग्यश्री का जीवन प्रोटोकॉल के साथ गुजरा; उन्हें हमेशा सिखाया गया कि किससे बात करनी है, किससे नहीं, कैसे बात करनी है, कहां जाना है और कहां नहीं, लेकिन कौन जानता था कि प्रोटोकॉल के बीच पढ़ी-लिखीं भाग्यश्री को उनका प्यार उनकी क्लास में ही मिल जाएगा।



बहुत कम लोग जानते हैं कि भाग्यश्री और हिमालय दासानी एक ही क्लास में पढ़ते थे। जहां भाग्यश्री बिल्कुल शांत स्वभाव की थी, वहीं हिमालय सबसे शैतान बच्चों में से एक थे। भाग्यश्री क्लास की मॉनिटर थी, और हिमालय की शैतानियों की वजह से दोनों के बीच हमेशा लड़ाई होती थी, लेकिन दोनों को नहीं पता था कि यह लड़ाई प्यार में बदलने वाली है। स्कूल में एक दूसरे से लड़ाई के साथ दोनों पढ़ाई भी साथ करते थे और स्कूल खत्म हो जाने के बाद भी गणित के विषय को समझने के लिए साथ मिलकर पढ़ाई करते थे।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## भारत को प्रवासन संबंधी एक स्पष्ट नीति चाहिए

लंबी जद्दोजहद के बाद देश की सबसे अमीर नगरपालिका बृहन्मुंबई नगरपालिका परिषद (बीएमसी) को रितु तावड़े के रूप में अपना मेयर मिल गया। मुंबइकरों ने नई मेयर से काफी उम्मीदें पाल रखी हैं, इसलिए जब उन्होंने अपने पहले बयान में बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा किए गए कब्जे को हटाने को पहली प्राथमिकता बताई, तो लोग कुछ हैरान रह गए। खस्ताहाल सड़क, अवैध निर्माण, बढ़ता प्रदूषण, जर्जर सार्वजनिक परिवहन, फुटपाथ की कमी, कचरा निपटान और फ्लाईओवर को गिरने से रोकने के बारे में उन्होंने कुछ भी नहीं कहा। ऐसा लगता है, उन्होंने पार्टी नेतृत्व को खुश करने के इरादे से यह बयान दिया या फिर वह अनजाने ही उस बात को दोहरा बैठीं, जो अब एक मौसमी जुमला बन चुकी है।ब्रिटिश अरबपति कारोबारी और फुटबॉल क्लब 'मैनचेस्टर यूनाइटेड' के एक मालिक जिम रैटक्लिफ ने हाल ही में यह दावा किया कि उनके देश पर 'प्रवासियों का कब्जा' हो गया है, जो देश के संसाधनों को चूस रहे हैं। जाहिर है, उनकी टिप्पणी नस्लीय घृणा से प्रेरित थी और इतनी गलत थी कि प्रधानमंत्री केर स्टार्मर ने उन्हें फटकार लगाई। हालांकि, यह कहते वक्त रैटक्लिफ भूल गए कि इंग्लैंड में कर से बचने के लिए वह खुद मोनाको में रहते हैं।रैटक्लिफ बयार देखकर पीठ मोड़ने वाले इंसान हैं और उनका ताजा बड़बोलापन भी शायद इंग्लैंड में 2025 के निकाय चुनावों व उप-चुनावों में दक्षिणपंथी दल 'रिफॉर्म यूके' को मिली अप्रत्याशित बढ़त से प्रभावित हो सकता है। रिफॉर्म यूके पार्टी की पहचान प्रवासी-विरोधी रही है। यूरोप में ऐसी पार्टियां तेजी से उभर रही हैं। प्रवासियों के विरोध की यह प्रवृत्ति पश्चिम बंगाल और असम में भी दिख रही है, जहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा ने इन दोनों राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को मुद्दा बना रखा है।


राम गोपाल सैनी

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके जयपुर स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के विकास और बुनियादी ढांचे को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की।

मुलाकात के दौरान रामलाल शर्मा ने विशेष रूप से चौमूं से दूदू (महला) हाईवे की चौड़ाई बढ़ाने का मुद्दा प्रमुखता से रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बजट एवं डीपीआर- बजट वर्ष 2024-25 में इस सड़क की डीपीआर तैयार करने हेतु 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई थी, जिसका कार्य अब पूर्ण हो चुका है।



पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि यदि तकनीकी कारणों से पूरी सड़क को एक साथ स्वीकृत करना संभव न हो, तो प्रथम चरण में चौमूं से रेनवाल तक के मार्ग के लिए बजट स्वीकृति की घोषणा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र की अन्य मुख्य सड़कों के नवीनीकरण, रिपेयरिंग और चौड़ाई बढ़ाने की भी मांग रखी ताकि आमजन को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

# पितृ देव लालू जी महाराज के 12वें वार्षिकोत्सव में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**जयपुर (हमारा वतन)**

चौमूं तहसील के गोविंदगढ़ पंचायत समिति के ढोढसर ग्राम में 22 फरवरी को पितृ देव लालू जी महाराज का 12वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरे दिन मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से सराबोर रहा। भक्ति, आस्था एवं उत्साह का अनोखा वातावरण देखने को मिला। सवेरे से ही मंदिर में भक्तों ने पितृ देव लालू जी महाराज की पूजा-अर्चना की।

मंदिर सेवक और संपादक भगवान महाराज के सानिध्य में भजन संध्या का आयोजन हुआ। सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर सम्मान किया। भजन संध्या में स्वर्गीय कविराज भगवान सहाय सेन के सुपुत्रों कवि सुदामा सेन, कृष्ण कुमार सेन और नारद मुनि सेन ने लोगों को मधुर भजनों से भक्तिरस में डुबो दिया।



दोपहर से लेकर देर रात तक भव्य विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

मंदिर के सेवकों ने बताया कि श्रद्धालुओं की मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मंदिर में अर्जी लगाता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, आरएलपी नेता छुट्टन यादव, गोविंदगढ़ थाना प्रभारी विनोद सांखला, ढोढसर सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, धोबलाई पूर्व सरपंच नंदकिशोर यादव, मंदिर कमेटी अध्यक्ष सीताराम यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# माल्या और पारले परिवार ने किया दहेज-रहित विवाह

**जयपुर (हमारा वतन)।** समाजसेवी, प्रख्यात आर्किटेक्ट और A-One Architects Pvt. Ltd. के निदेशक डॉ. दौलत राम माल्या की पुत्री अंजली माल्या तथा सौरव पारले का विवाह पूर्णतः दहेज-मुक्त होकर संपन्न हुआ। यह न केवल दो सशक्त परिवारों का भावनात्मक मिलन है, बल्कि दहेज प्रथा जैसी घातक सामाजिक बुराई के खिलाफ एक सशक्त और व्यावहारिक उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।



अंजली माल्या एक प्रतिभाशाली आर्किटेक्ट और अर्बन प्लानर हैं। वे वर्तमान में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNIT), जयपुर में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत AMRUT (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation) प्रोजेक्ट में जूनियर रिसर्च फेलो के रूप में कार्यरत हैं। वहीं वर सौरव पारले डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI), मुंबई में इंटेलिजेंस ऑफिसर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके पिता भानु प्रकाश पारले सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। दोनों परिवारों की शैक्षिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि अत्यंत सम्मानजनक और प्रेरणादायक है। यह भव्य एवं सादगीपूर्ण विवाह समारोह 20 फरवरी 2026 को जयपुर के केसर महल गार्डन में संपन्न हुआ। समारोह में उपस्थित परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और गणमान्य अतिथियों ने इस दहेज-रहित विवाह की खुले दिल से सराहना की तथा इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

डॉ. दौलत राम माल्या ने भावुक होते हुए कहा, 'दहेज एक सामाजिक अभिशाप है, जो न केवल बेटियों के परिवार पर आर्थिक बोझ डालता है, बल्कि विवाह को सच्चे प्रेम, सम्मान और आपसी समझ के बजाय लेन-देन का माध्यम बना देता है। हमने अपने परिवार में इस कुप्रथा को पूरी तरह त्याग दिया है। हमारा यह प्रयास युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगा कि विवाह दो आत्माओं का मिलन है, न कि किसी वस्तु या धन का लेन-देन।'

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com



# खाटू श्याम पदयात्रियों को मिला फ्री न्यूरोथेरेपी उपचार का लाभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** श्री श्याम सत्संग मंडल मुंबई व विश्वकर्मा न्यूरो थेरेपी फाउंडेशन के द्वारा 24 फरवरी से लेकर 27 फरवरी 2026 तक न्यूरोथेरेपी का निःशुल्क का आयोजन किया। जिसमें खाटू श्याम पदयात्रियों को फ्री न्यूरोथेरेपी उपचार का लाभ मिला। जिसमें मुंबई के डॉक्टर राकेश विश्वकर्मा, संगीता विश्वकर्मा, स्नेहा वाघ, कल्याण सिंह गुर्जर चौमूं (जयपुर), मनोज बागोरिया (जयपुर) ने अपनी फ्री सेवाएं दी। हर साल यहां चार से पांच दिन का फ्री न्यूरोथेरेपी कैंप का आयोजन होता है। जिसमें हजारों की तादाद में भक्तजन लाभ उठाते हैं।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।